भविष्य की बात करें तो मुझे लगता है कि रुतुराज के पास बहुत अच्छा मौका है। उनमें नेतृत्व के वो गुण मौजूद हैं। अगर माही भाई उन्हें एक या दो साल के लिए तैयार करते हैं, तो वह 7-8 या 10 साल तक टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। **-अंबाती रायुडू**

पूर्व क्रिकेटर, भविष्य में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान की कप्तानी को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नोवाक जोकोविच

विम्लबडन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हारने के बाद नोवाक जोकोविच ने अतिरिक्त आराम के लिये नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापिस ले लिया है। टेनिस कनाडा ने रविवार को घोषणा की कि जोकोविच थकान के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे। तेईस बार के ठौंडस्लैम चैम्पियन 36 वर्ष के जोकोविच को अमेरिकी ओपन की तैयारी इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से शुरू करनी थी। उन्हें पिछले रविवार को विम्बलडन फाइनल में अल्काराज ने पांच सेटों में हराया। चार बार नेशनल बैंक खिताब जीत चुके जोकोविच ने कहा कनाडा में मुझे हमेशा अच्छा लगता है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी के लिये 34-सदस्यीय स्क्वाड घोषित

नयी दिल्ली 24 जुलाई। इस साल के अंत में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर राउंड 2 में खेलने वाली सीनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिये 34 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। एआईएफएफ ने बताया कि भारतीय महिलाएं 30 जुलाई से भुवनेश्वर में अपना शिविर शुरू करेंगी। भारत एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप सी में जापान (26 अक्टूबर), वियतनाम (29 अक्टूबर) और मेजबान उज्बेकिस्तान (एक नवंबर) से भिड़ेगा। टूर्नामेंट का आयोजन 26 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच ताशकंद के जेएआर स्टेडियम और बुनयोडकोर स्टेडियम में होगा। इस साल की शुरुआत में भारतीय टीम ने किर्गिज़ गणराज्य को 5-0 और 4-0 से हराकर ओलंपिक क्वालीफायर के राउंड 2 जगह बनायी थी। शिविर के लिए चयनित 34 संभावितों की सूची में गोलकीपर सौम्या नारायणसामी, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, श्रेया हुडा शामिल हैं। डिफेंडरों की सूची में लोइतोंगबम आशालता देवी, नगंगबम स्वीटी देवी, संजू, ऋतु रानी, सोरोखैबम रंजना चानू, मिशेल मागरिट कास्तन्हा, डालिमा छिब्बर, मनिसा पन्ना, अष्टम उरांव, जूली किशन, शिल्की देवी, जाबामनी टुडू शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी प्रियंगका देवी, अंजू तमांग, इंदुमथी कथिरेसन, संगीता बासफोर, काजोल ह्यूबर्ट डिसूज़ा, असेम रोजा देवी और कार्तिका अंगमुथु के कंधों पर है। फॉरवर्ड पंक्ति के खिलाड़ियों में डांगमेई ग्रेस, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा कल्याण, अपूर्णा नारज़री, नेहा, सुमति कुमारी, रेणु, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, प्यारी ज़ाक्सा, ज्योति और नंगंगोम बाला देवी के नाम मौजूद हैं।

करमन ने इवान्सविल में जीता ऐतिहासिक खिताब

इवान्सविल, 24 जुलाई। भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी ने यहां आयोजित आईटीएफ डब्ल्यू60 इवान्सविल के फाइनल में यूक्रेन की यूलिया स्तारोदुब्तसेवा को हराकर एकल खिताब जीत लिया है। राउंडग्लास अकादमी की करमन ने रविवार को हुए फाइनल में अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-1 से मात दी। इस जीत के साथ करमन सानिया मिर्जा के बाद अमेरिका में प्रो खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला बन गयीं। करमन ने फाइनल तक पहुंचने के लिये पहले राउंड में मेक्सिको की मारिया फर्नांडा नवारो और दूसरे राउंड में अमेरिका की मारिबेला ज़मारिप्पा को हराया था। क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की वाइल्ड कार्ड प्रवेशी एली किक को सीधे सेटों में हराने के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को मात दी थी। करमन वर्तमान में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 261वें स्थान पर हैं और देश की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में कनाडा के सास्काटून चैलेंजर डब्ल्यू60 की युगल स्पर्धा और अमेरिका में आयोजित डब्ल्यू 60 सुमेर पाल्मेटो प्रो ओपन की एकल स्पर्धा में उपविजेता रही थीं। करमन राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक और कोच आदित्य सचदेवा एवं उनकी टीम के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं। कोच सचदेवा ने कहा, दो बार उपविजेता रहने के बाद यह जीत करमन का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये एक अच्छे समय पर आई है क्योंकि वह अमेरिकी ओपन में जगह बनाने के लिये खुद को तैयार कर रही हैं। उनका हालिया फॉर्म उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इस फॉर्म को बनाए रख सकेंगी।

पनामा को रौंदकर ब्राजील ने किया मजबूत आगाज

एडिलेड, 24 जुलाई। एरी बोर्गेस की हैट्रिक के दम पर ब्राज़ील ने सोमवार को पनामा को 4-0 से मात देकर अपने फीफा महिला विश्व कप 2023 अभियान की ज़ोरदार शुरुआत की। हिंडमार्श स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एफ मुकाबले में बोर्गेस ने 19वें, 39वें, और 70वें मिनट में गोल किये। विजेता टीम का चौथा गोल बीट्रिज़ होआओ ने 48वें मिनट में किया। दक्षिण अमेरिकी टीम ब्राज़ील इस मुकाबले में पूरी तरह मध्य अमेरिका की पनामा पर हावी रही। ब्राज़ीलियाई टीम ने मात्र 10 मिनट के अंदर ही पांच बार विपक्षी टीम के गोल पर निशाना साधा और वर्चस्व की यह स्थिति पूरे मैच में बनी रही। पनामा ने कई मौकों पर शानदार रक्षण किया, लेकिन अपने लगातार हमलों के कारण ब्राज़ील चार गोल करने में सफल रहा। इसी बीच, इटली ने क्रिस्टियाना गिरेली के गोल के दम पर अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। जर्मनी ने ग्रुप-एच मुकाबले में मोरक्को को 6-0 की करारी शिकस्त दी।



मैच के पांचवें दिन लंच से पहले का खेल बारिश से धुला

पोर्ट ऑफ स्पेन, 24 जुलाई। मूसलाधार बारिश और आउटफील्ड गीली होने से भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन सोमवार को यहां लंच से पहले का खेल नहीं हो पाया। मैच के चौथे दिन का खेल भी बारिश से प्रभावित रहा था जिसमें वेस्टइंडीज ने 365 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दो विकेट पर 76 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज इस तरह से लक्ष्य से अभी 289 रन पीछे है। बारिश थम गई है लेकिन आउटफील्ड गीली होने के कारण पहले सत्र का खेल संभव नहीं हो पाया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय जर्मेन ब्लैकवुड 20 और सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल 24 रन पर खेल रहे थे।

कोलंबो में पाक फ्रंट फुट पर

कोलंबो, 24 जुलाई। अबरार अहमद (69/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अब्दुल्लाह शफीक (74 नाबाद) और शान मसूद (51) के दमदार अर्द्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान दूसरे टेस्ट के पहले दिन सोमवार को श्रीलंका पर पूरी तरह हावी रहा। पाकिस्तान ने टॉस हारकर गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 166 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद मेहमान टीम ने दिन का खेल खत्म होने से पहले दो विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिये और अब वह श्रीलंका की बढ़त समाप्त करने से सिर्फ 21 रन दूर है। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत नसीम शाह और शाहीन अफरीदी की स्विंग के साथ की। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज निशान मदुशंका एक दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट की भेंट चढ़ गये, जिसके कुछ देर बाद शाहीन ने कुसल मेंडिस को आउट किया। नसीम ने डिमुथ करुणारत्ने, एंजलो मैथ्यूज़ और दिनेश चांदीमल के रूप में श्रीलंका के सभी अनुभवी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखा गया। दिसंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट शृंखला में पदार्पण करने वाले अबरार ने इसके बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने श्रीलंका के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले धनन्जय डी सिल्वा को आउट करने के अलावा सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस और असिता फर्नांडो के विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी को समाप्त किया। धनन्जय ने 68 गेंद पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 57 रन बनाये लेकिन उन्हें किसी का साथ न मिलने के कारण पूरी टीम 48.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गयी। पाकिस्तान ने इसके बाद बल्ले से भी श्रीलंका पर कोई रियायत नहीं बरती। इमाम-उल-हक़ भले ही छह रन के स्कोर पर आउट हो गये हों, लेकिन अब्दुल्लाह और शान ने काफी देर तक छह से अधिक की रनगति से रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे करते हुए दूसरे विकेट के लिये 108 रन की साझेदारी की। मसूद 47 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 51 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद शफीक और बाबर आज़म ने दिन के आखिरी ओवर संयम के साथ गुज़ारने का फैसला लिया। दिन का खेल खत्म होने तक अब्दुल्लाह 99 गेंद पर 74 रन बनाकर जबकि बाबर 21 गेंद पर आठ रन बनाकर खेल रहे हैं।

एशियाई खेलों के नॉकआउट मैचों से बाहर रह सकती है हरमनप्रीत

मुंबई, 24 जुलाई। बंगलादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान मैदान पर उजड्डु बर्ताव करने और प्रेजेंटेशन में अंपायरों की तीखी आलोचना के कारण भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल से बाहर रह सकती हैं। क्रिकबज़ की ओर से सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) हरमनप्रीत को चार डिमेरिट अंक देने वाला है, जिसके कारण उनपर दो सीमित ओवर मैचों का प्रतिबंध लगेगा। आईसीसी आचार संहिता नियमों के अनुसार, "जब कोई खिलाड़ी 24 महीने की अवधि के भीतर चार या अधिक डिमेरिट अंक प्राप्त करता है, तो उसे निलंबन अंकों में बदलकर (खिलाड़ी पर) प्रतिबंध लगाया जाता है। दो निलंबन अंक मिलने पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिये प्रतिबंध लगाया जा सकता है।" भारतीय महिला टीम अपना अगला मुकाबला एशियाई खेलों में खेलेगी। आईसीसी रैंकिंग के आधार पर भारतीय टीम को सीधा क्वार्टरफाइनल में प्रवेश मिला है। चार डिमेरिट अंक मिलने पर हरमनप्रीत क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल से बाहर रह सकती हैं। इसका अर्थ यह है कि अगर भारत फाइनल तक सफर करता है तो हरमनप्रीत सीधा खिताबी मुकाबले में मैदान पर उतरेंगी। उल्लेखनीय है कि मीरपुर के शेर-ए-बंगला स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में पगबाधा आउट दिये जाने के फैसले से निराश हरमनप्रीत ने विकेटों पर अपना बल्ला दे मारा था और पवेलियन लौटते हुए उनकी अंपायर के साथ तीखी नोक-झोंक भी हुई थी। यह मैच अंतत: टाई रहा और तीन मैचों की शृंखला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा था कि वह अगले बंगलादेश दौरे पर ध्यान रखेंगी कि उन्हें मेज़बान टीम के अलावा "इस तरह की अंपायरिंग" का भी सामना करना है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, मैदान पर किये गये बर्ताव के लिये हरमनप्रीत को तीन डिमेरिट अंक मिलेंगे, जबकि प्रेजेंटेशन में अंपायरों की आलोचना के लिये उन्हें एक डिमेरिट अंक मिलेगा। मैच अधिकारियों ने आईसीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पास अपनी रिपोर्ट जमा कर दी है। प्रतिबंधों की घोषणा हो जाने के बाद हरमनप्रीत के पास अपील करने का अधिकार है, जिस स्थिति में आईसीसी का मैच रेफरी मामले की सुनवाई करेगा।

5वें टेस्ट के लिये इंग्लैंड स्क्वाड में कोई बदलाव नहीं

लंदन, 24 जुलाई। मैनचेस्टर में निराशाजनक ड्रॉ के कारण एशेज़ गंवाने के बाद इंग्लैंड ने ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के लिये अपनी 14-सदस्यीय स्क्वाड में कोई बदलाव नहीं किया है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गये मुकाबले में ज़्यादातर समय हावी रहने के बावजूद पांचवें दिन की मूसलाधार बारिश के कारण इंग्लैंड को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। इस ड्रॉ के कारण ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की शृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त भी बना ली। इंग्लैंड भले ही एशेज़ जीतने की स्थिति में न हो, लेकिन वह सीरीज बराबर कर ऑस्ट्रेलिया को विजयी होने से रोक सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड की सरज़मीन पर आखिरी बार 2001 में एशेज़ सीरीज जीती थी।

इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट से पहले क्रिस वोक्स की फिटनेस पर ध्यान देना होगा, जो पिछले दो मैचों में 12 विकेट चटकाकर टीम के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। लेकिन यह भी कहा था कि मौके को देखते हुए उनके लिये एक के बाद एक टेस्ट खेलना मुश्किल नहीं होगा। वोक्स के अलावा मार्क वुड को भी आराम दिया जा सकता है, जबकि जेम्स एंडरसन खराब प्रदर्शन के कारण बाहर रह सकते हैं। उन्होंने सीरीज के चार मैचों में 76.75 की औसत से सिर्फ चार विकेट चटकाये हैं। ऐसे में इंग्लैंड पांचवें टेस्ट में उनकी जगह जॉश टंग या ओली रॉबिन्सन को टीम में मौका दे सकती है।

पांचवें टेस्ट के लिये इंग्लैंड स्क्वाड : बेन स्टोक्स (कप्तान), मोईन अली, जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जॉश टंग, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

पहले टेस्ट विकेट पर विराट भाई का गले लगाना सपने जैसा था : मुकेश

पोर्ट आफ स्पेन, 24 जुलाई। इतने साल से विराट कोहली के मैदानी कारनामों को विस्मित भाव से देखते आये मुकेश कुमार के लिये यह सपने जैसा था जब उनके पहले विकेट पर भारत के पूर्व कप्तान ने उन्हें गले लगा लिया। अपने 30वें जन्मदिन से कुछ महीने पहले ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बिहार के गोपालगंज जिले के मुकेश कुमार पिछले सात साल में बंगाल की अंडर 23 टीम से लेकर भारत ए के लिये खेल चुके हैं।

मोहम्मद सिराज के साथ बीसीसीआई टीवी से बातचीत में उन्होंने कहा, "मुझे जब विकेट मिला तो विराट भैया भागकर आये और मुझे गले लगा लिया। मैं किसी और दुनिया में ही चला गया। इतने साल तक टीवी पर जिसे मैं देखता आया, उसने मुझे गले लगाया। अद्भुत अनुभव था।"

उन्होंने कहा, "जब आप और जेडी (उनादकट) भाई गेंदबाजी कर रहे थे तो रोहित भाई ने कहा था कि इस पिच पर तुरंत विकेट नहीं मिलेंगे। मेहनत करनी पड़ेगी।" मानसिक रूप से वह तैयार था लेकिन जब टीम बैठक में मैच से एक दिन पहले उसे पदार्पण के बारे में बताया गया तो उसे कुछ समय लगा।

उन्होंने कहा, " जब मुझे पता चला कि मैं सच में खेल रहा हूं तो मैं स्तब्ध रह गया। मैं हमेशा से खेलने के लिये तैयार था और इसलिये ही टीम बैठक में गया था। मुझे ऐसा लग रहा था कि शायद मौका मिल सकता है।" मुकेश ने कहा, "यहां सुबह थी और भारत में शाम हो रही थी। मैं शाम को होटल पहुंचा तो मां से बात की। मैंने कहा कि मां मैं देश के लिये खेल रहा हूं। मेरे सभी रिश्तेदार भी बहुत खुश हैं जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया।"

घुड़सवार पुंडीर ने ईएफआई पर लगाया पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। भारतीय ड्रेसेज खिलाड़ी गौरव पुंडीर ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने यह सुनिश्चित करने के लिए उनके रास्ते में कई बाधाएं पैदा की जिससे कि वह हांगजोउ एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। सेना के पूर्व घुड़सवार गुलाब सिंह के बेटे पुंडीर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईएफआई ने उनसे महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई थी कि भारतीय घोड़े पृथक वास नियमों के कारण चीन में प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। इससे उन्होंने यूरोप और अन्य जगहों पर उचित घोड़ों की तलाश में अपना समय बर्बाद किया।

उन्होंने कहा,"ईएफआई अधिकारियों को पिछले साल मार्च में पता चल गया था कि भारतीय घोड़े चीन में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकते हैं लेकिन उन्होंने यह जानकारी मेरे साथ साझा नहीं की।" पुंडीर ने कहा," यह सुनिश्चित करने के लिए कि मैं विदेशों में प्रतियोगिताओं में भाग न ले सकूं, ईएफआई के अधिकारी यूरोप का वीजा हासिल करने में मेरी मदद नहीं करके चीजों को मुश्किल बनाते रहे।" ईएफआई के महासचिव जयवीर सिंह ने हालांकि कहा कि पुंडीर की महासंघ ने हर संभव मदद की और इस घुड़सवार को पता था कि कोविड-19 से जुड़े नियमों के कारण भारतीय घोड़े चीन में प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। उन्होंने कहा," उन्हें ईएफआई के खिलाफ मुकदमे बाजी में समय बर्बाद करने के बजाए जर्मनी और फ्रांस में अभ्यास करना चाहिए था जहां उनके साथी खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे।"

जापान ओपन में सिंधू, प्रणय की नजरें लय हासिल करने पर, सात्विक-चिराग की जोड़ी एक और खिताब की दावेदार

तोक्यो, 24 जुलाई। कोरिया ओपन में खिताब जीतने वाली सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग सेठी की पुरुष युगल जोड़ी इस साल के अपने स्वप्निल प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपनी पुरानी लय हासिल करने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने रविवार को कोरिया ओपन के पुरुष युगल फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी पर 17-21 21-13 21-14 की जीत दर्ज की थी। भारतीय जोड़ी की यह लगातार 10वीं जीत थी।

यह जोड़ी इस साल स्विस ओपन, एशियन चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन जीतकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी जापान ओपन में अपने अभियान का आगाज इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो एवं डेनियल मार्थिन की जोड़ी के खिलाफ करेगी। पेरिस ओलंपिक से एक साल पहले भारतीय बैडमिंटन जगत में सबसे ज्यादा चिंता की बात सिंधू के लचर फॉर्म पर है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन चोट से उबरने के बाद अपने पुराने रंग में नहीं लौट पाई है। वह इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर स्पर्धाओं में से छह में पहले दौर में बाहर होने के बाद वह विश्व रैंकिंग में 17वें नंबर पर खिसक गई हैं। वह पिछले सप्ताह अपने नये कोच मोहम्मद हाफिज की देख रेख में कोरिया ओपन के पहले दौर में निचली रैंकिंग वाली पाई यू-पो से हार गयी थी। सिंधू यहां शुरुआती दौर में झांग यी मैन के खिलाफ मैदान में उतरेंगी तो उन्हें अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू की जीत-हार का रिकॉर्ड 2-2 है। सिंधू ने 20वीं रैंकिंग पर काबिज झांग को मलेशिया ओपन में शिकस्त दी थी।

मलेशिया मास्टर्स का खिताब इस साल मई में जीतने वाले प्रणय भारत के शीर्ष रैंकिंग के एकल खिलाड़ी है। पिछले कुछ टूर्नामेंटों में खराब प्रदर्शन के बाद हालांकि उनकी रैंकिंग में गिरावट आयी है और वह 10वें पायदान पर खिसक गये है।

आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय अपने अभियान का आगाज चीन के गैरवरीय खिलाड़ी ली शी फेंग के खिलाफ करेंगे। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपे के चोउ तियेन चान के खिलाफ पहले दौर का मुकाबला खेलेंगे।

दोनों भारतीय खिलाड़ी अगर अपने शुरूआती मुकाबलों को जीतने में सफल रहे तो दूसरे दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगे। कनाडा ओपन के चैम्पियन लक्ष्य सेन भी इस टूर्नामेंट से खेल में वापसी करेंगे।

पश्चिम ने पूर्वोत्तर को 9 विकेट से हराया

पुडुचेरी, 24 जुलाई। हार्विक देसाई (85) और कप्तान प्रियांक पांचाल (99 नाबाद) के अद्धर्शतकों के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी के अपने पहले मैच में सोमवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से रौंदकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज़ किया।

पूर्वोत्तर टॉस हारकर गया था। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट हो गयी। पश्चिम क्षेत्र ने आसानी से 25.1 ओवर में 208 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। पूर्वोत्तर की ओर से सभी बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत मिली लेकिन कोई भी अद्धर्शतक के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इमलियु अति लेमतुर ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक 38 रन बनाये, जबकि कप्तान लांगलोनयंबा कीशंगबम ने 30 रन का योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र के लिये अर्ज़न नागवासवाल ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। शम्स मुलानी और शिवम दूबे ने दो-दो विकेट लिये जबकि चिंतन गज, अतीत सेठ और पार्थ भुत के खाते में एक-एक विकेट आया।

यूटीटी सीजन-4 में बेंगलुरु स्मैशर्स ने पुनरी पलटन को हराया

पुणे 24 जुलाई। भारतीय स्टार पैडलर मनिका बत्रा और नतालिया बाजोर ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे बेंगलुरु स्मैशर्स ने यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में चल रहे अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-4 में रविवार रात ब्लॉकबस्टर मुकाबले में पुनेरी पल्टन को 8-7 से मात दे दी।

फ्रेंचाइजी-आधारित लीग टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा किया जाता है। पुनेरी पलटन को टाई जीतने के लिए केवल एक गेम जीतने की जरूरत थी जब नतालिया महिला एकल का आखिरी मैच खेलने के लिए आई और बेंगलुरु स्मैशर्स को लीग में बने रहने के लिए उसने अर्चना कामथ को 3-0 से हराया। पहले गेम में नतालिया ने 11-8 से रोमांचक जीत दर्ज की। उन्होंने जोरदार फोरहैंड के साथ सटीक बैकहैंड खेला और उसी स्कोरलाइन से दूसरा गेम जीत लिया। पोलिश पैडलर ने निर्णायक गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और अपने पिनपॉइंट शॉट्स से इसे 11-9 से जीत लिया। इससे पहले मनिका ने मुकाबले के दूसरे मैच में हाना माटेलोवा को 2-1 से हराकर सीजन 4 में बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए अपनी तीसरी महिला एकल जीत दर्ज की। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपने बैकएंड पर नियंत्रण रखते हुए पहला गेम 11-9 से जीत लिया, इसके बाद हाना ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम 11-8 से जीत लिया और मैच को निर्णायक गेम तक ले गईं। हालांकि भारत के सर्वश्रेष्ठ रैंक खिलाड़ी ने अपना ध्यान भटकने नहीं दिया और तीसरे गेम के साथ-साथ मैच भी 11-6 से अपने नाम कर लिया।

दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी किरिल गेरासिमेंको ने 2018 आईटीटीएफ अफ्रीकी-कप चैंपियन उमर अस्सर को 2-1 से हराकर बेंगलुरु फ्रेंचाइजी को बेहतरीन शुरुआत दी थी। दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी उमर ने पहले गेम की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और फ्लैक्स से गेम 11-8 से जीत लिया, इससे पहले किरिल ने आश्चर्यजनक वापसी करते हुए गोल्डन प्वाइंट के जरिए दूसरा गेम जीत लिया। तीसरा गेम भी गोल्डन पॉइंट तक गया जहां क़ज़ाक पैडलर ने गेम और मैच जीतने के लिए अत्यधिक मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया।

मुकाबले के तीसरे मैच (मिश्रित युगल) में हाना और मानुष शाह ने मनिका और किरिल को 3-0 से हराया और पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस को प्रतियोगिता में वापसी की। बेंगलुरु स्मैशर्स की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन हाना और मानुष ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। उन्होंने गोल्डन प्वाइंट के माध्यम से दूसरा गेम जीत कर जीत बरकरार रखी। तीसरा गेम भी 11-4 से हाना और मानुष के पक्ष में गया। पुनेरी पलटन टेबल टेनिस ने अपनी बढ़त को और बरकरार रखा, क्योंकि मानुष ने टाई के अंतिम मैच में जीत चंद्रा को 2-1 से हरा दिया।

कमलजीत को जूनियर निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। युवा निशानेबाज कमलजीत ने कोरिया के चांगवोन में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ जूनियर विश्व चैंपियनशिप के अंतिम दिन भारत को दो और स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। इस 19 साल के निशानेबाज ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाएं जीतीं। इस विश्व कप में भारत का अभियान 17 पदक (छह स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य) के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर खत्म हुआ। चीन 12 स्वर्ण सहित 28 पदक के साथ शीर्ष पर रहा। कमलजीत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में संभावित 600 में से 544 का स्कोर किया और उज्बेकिस्तान के वेनियामिन निकितिन (542) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

हाई परफोर्मेंस कोच के पद के लिए अनदेखी से ओलंपिक पदक विजेता विजय कुमार स्तब्ध

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। ओलंपिक रजत पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज विजय कुमार 'स्तब्ध' हैं कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हाई परफोर्मेंस कोच के पद के लिए उनके नाम की अनदेखी की और उन्हें इस बारे में सूचित करने की जरूरत भी नहीं समझी गई। साइ ने 21 जुलाई को अधिसूचना जारी करके एथलेटिक्स, निशानेबाजी, तलवारबाजी, कबड्डी और तीरंदाजी में पांच हाई परफोर्मेंस कोच की नियुक्ति की। साइ ने फरवरी-मार्च में इस पद के लिए विज्ञापन दिया था और 2012 लंदन ओलंपिक खेलों के रजत पदक विजेता तथा पांच बार के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता विजय ने पद के लिए आवेदन किया था।

साइ ने इस पद के लिए राइफल कोच मनोज कुमार के नाम की सिफारिश की है जो पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में ट्रेनिंग कर रही भारतीय टीम के साथ जुड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक विजय ने कहा, "मैंने पद (परफोर्मेंस कोच) के लिए आवेदन किया था। इस तरह की अटकलें थी कि साक्षात्कार हुए हैं (पद के लिए)। आज किसी ने फोन पर बताया कि सूची जारी हो गई है। जब मैंने सूची देखी (साइ की वेबसाइट पर) तो मैं हैरान और स्तब्ध था।"

उन्होंने कहा, "उनकी (साइ की) पात्रता में मैं पूरी तरह फिट था। इसमें कहा गया था कि अगर आप ओलंपिक पदक विजेता हैं तो आपको सीधे नियुक्ति मिलेगी। जहां तक मुझे पता है, मेरे अलावा किसी अन्य ओलंपिक पदक विजेता ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद के लिए आवेदन नहीं किया था।"

विजय ने कहा, "पहले हाई परफोर्मेंस कोच की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होती थी लेकिन हाल में साइ ने अन्य संस्थानों से विशेषज्ञों के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर जुड़ने और अपनी सेवाएं देने का रास्ता खोला है। इसलिए इस आधार पर मैंने पद के लिए आवेदन किया था।" उन्होंने कहा, "मैं स्तब्ध था कि देश के लिए इतना सब कुछ हासिल करने के बावजूद मेरा नाम सूची में नहीं था। मुझे लगता है कि जिस व्यक्ति के नाम की सिफारिश की गई उसके नाम टीम स्पर्धा में कोई अंतरराष्ट्रीय पदक है लेकिन एशियाई, राष्ट्रमंडल खेलों में पदक नहीं है।"

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की वेबसाइट पर मनोज के परिचय के अनुसार उन्होंने 2005 में चार विश्व कप और एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया लेकिन कोई पदक नहीं जीता। विजय ने कहा, "मुझे पद्म श्री, खेल रत्न (देश का सर्वोच्च खेल सम्मान) और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।" विजय से जब यह पूछा गया कि क्या इस शीर्ष पद के लिए विशेषज्ञों की छंटनी करने के लिए किसी पैनल का गठन किया गया था।